आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 61 | उज्जैन, मंगलवार 21 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## लोकमाता अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में होगी अगली मंत्रि-परिषद की बैठक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या देवी का 300वां जयंती वर्ष है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने देवी अहिल्या माता की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में हम पूरे वर्ष अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद की बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जारी अपने संदेश में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक था। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि एक आदर्श नारी और माता भी थीं। लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्यपरायणता, धर्म परायणता, सुशासन, दानशीलता, धार्मिकता आदि गुणों से हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से देखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पावन धरा वह स्थान है, जहां रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या देवी, सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे प्रतापी एवं सुशासन लाने वाले शासक हुए हैं। इनके नाम और काम पर मध्यप्रदेश सदैव गौरवान्वित होता आया है। इस संदर्भ में महिला शासिका लोकमाता अहिल्या देवी का नाम भी अजर-अमर है। उनके नाम पर समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में हम जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि हम सब मालवा की लोकमाता अहिल्या देवी के पुण्य स्मरण में शामिल हों। वे स्वयं और सभी मंत्रीगण मिलकर अहिल्या माता को समर्पित मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए महेश्वर जाएंगे और यही लोकमाता को, उनके सद्कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन परिचय**-लोकमाता देवी अहिल्याबाई भारत के इतिहास में एक महान शासिका, समाज सुधारक और धर्मपरायण नेत्री के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनका जीवन त्याग, नारी सशक्तिकरण, धर्म और न्याय के आदर्शों से प्रेरित है। देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण मराठा पाटिल परिवार में हुआ था।

## आरपीएफ ने 2021 से अब तक 586 बांग्लादेशियों, 318 रोहिंग्याओं को पकड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे ने रविवार को बताया कि आरपीएफ ने वर्ष 2021 से अब तक 586 बांग्लादेशियों और 318 रोहिंग्याओं सहित 916 लोगों को पकड़ा है। इनमें से कुछ लोगों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की बात स्वीकार की है।

रिपोर्टों में बताया गया कि घुसपैठिये असम और त्रिपुरा के रास्ते भारत के अन्य हिस्सों में जाने के लिए अक्सर रेलवे नेटवर्क का उपयोग करते हैं। इसलिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), स्थानीय पुलिस और खुफिया इकाइयों जैसी प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करके अवैध प्रवासियों को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं। हिरासत में लिए गए घुसपैठियों कानूनी कार्यवाही के लिए पुलिस और अन्य एजेंसियों को सौंप दिया जाता है। इस बीच पीटीआई के अनुसार असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि भारत में घुसपैठ की कोशिश करने वाले दो बांग्लादेशियों को असम पुलिस ने पकड़ कर वापस भेज दिया। घुसपैठियों की पहचान लेबोनो और बिजली के रूप में की गई है।

## पूर्व वायुसेना कर्मी ने मेट्रो ट्रैक पर ट्रेन के सामने लगाई छलांग, अन्य कर्मचारियों ने बचाई जान




नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेंगलुरु से वायुसेना के एक कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश का मामला सामने आया है। मामले को लेकर अधिकारियों ने बताया कि 49 वर्षीय पूर्व वायुसेना कर्मी सोमवार सुबह जालाहल्ली मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन आने के दौरान कथित तौर पर ट्रैक पर कूद गया, लेकिन मेट्रो कर्मचारियों की समय पर कार्रवाई से उसकी जान बच गई। घटना के बाद ग्रीन लाइन पर मेट्रो सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित रहीं।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अनुसार, बिहार के पूर्व वायुसेना कर्मी अनिल कुमार पांडे सोमवार सुबह करीब 10.25 बजे जालाहल्ली मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के दौरान ट्रैक पर कूद गए।

उसके कूदने के तुरंत बाद, इमरजेंसी ट्रिप सिस्टम ईटीएस को संचालित किया गया और बीएमआरसीएल के कर्मचारियों ने उसे बचा लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसे कोई चोट नहीं आई है। पूरी ग्रीन लाइन पर ट्रेन सेवाओं की सामान्य स्थिति सुबह 10.50 बजे फिर से शुरू हुई।

## बारिश, बर्फबारी और बिजली गिरने की चेतावनी, यूपी-हरियाणा समेत इन राज्यों में बिगड़ेगा मौसम



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। पाकिस्तान के करीब एक पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पास बना हुआ है। वहीं राजस्थान में पाकिस्तान सीमा के करीब एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बना है। इस वजह से पश्चिम हिमालय क्षेत्र में 23 जनवरी तक वर्षा और हिमपात का दौर जारी रहेगा।

वहीं 22 और 23 जनवरी को उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। 22 और 23 जनवरी को पंजाब, हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश के आसार हैं।

अगले 4 दिन के मौसम का हाल- 20 जनवरी को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में घने कोहरे की संभावना है। उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी घना कोहरा पड़ेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

21 जनवरी को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाएगा।

22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

23 जनवरी को मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है।

## आरएसएस के खिलाफ प्रदर्शन में नहीं पहुंचे कांग्रेस के ही 60 नेता, पार्टी को लेना पड़ा ऐक्शन




नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के राम मंदिर निर्माण को असली आजादी बताए जाने पर कांग्रेस ने पिछले दिनों आंदोलन किया था। आरएसएस के नागपुर स्थित मुख्यालय तक मार्च निकाला गया था, लेकिन इस आयोजन में कांग्रेस के ही तमाम कार्यकर्ता शामिल नहीं हुए थे। अब कांग्रेस ने ऐसे लोगों पर ऐक्शन लिया है और कुल 60 कार्यकर्ताओं को पदों से हटा दिया गया है। कांग्रेस ने जिन नेताओं के खिलाफ ऐक्शन लिया है, वे यूथ विंग के सदस्य हैं या पदाधिकारी हैं। कांग्रेस ने जिन लोगों को हटाया है, उनमें कुछ वाइस प्रेसिडेंट, 8 महासचिव, 20 सचिव और कुछ जिलाध्यक्ष शामिल हैं। नेशनल यूथ कांग्रेस की ओर से 19 जनवरी को मार्च का आयोजन किया था, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय चीफ उदय भानु ने किया था। इस मार्च में महाराष्ट्र के यूथ कांग्रेस प्रेसिडेंट कुणाल रावत भी शामिल थे। इसमें कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल हुए थे, लेकिन कुछ नेता गायब रहे। इस पर सवाल उठे थे कि आखिर कांग्रेस के आंदोलन में नेताओं ने हिस्सा क्यों नहीं लिया। अंत में हाईकमान की मंजूरी के बाद 60 नेताओं के खिलाफ ऐक्शन ले लिया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरएसएस मुख्यालय के पास ही मीटिंग की और फिर नारेबाजी की। इन लोगों ने आरएसएस और उसके सरसंघचालक मोहन भागवत के खिलाफ बयान को लेकर ऐक्शन की मांग की। इस मीटिंग के दौरान मोहन भागवत के खिलाफ भी नारेबाजी की गई।

## महाराष्ट्र में रिक्शा और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नंदुरबार शहर में रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद दो समूह आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से एक-दूसरे पर पथराव किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शहर में हुए इस सड़क हादसे के बाद हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। अभी तक किसी संपत्ति के नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस टीम को ओर से हालात पर धीरे-धीरे काबू पाया जा रहा है।

## दिल्ली पुलिस और झारखंड ATS ने आतंकियों के मंसूबों पर फेरा पानी, एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को किया गया गिरफ्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में आतंकी गतिविधियों को रोकने, उनके मंसूबों पर पानी फेरने में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ते ने महती भूमिका निभाई है।

खुफिया एजेंसी की सक्रियता व जांच एजेंसियों की तत्परता ने देश में फन उठाने की कोशिश कर रही आतंकियों की नई पौध को कुचला है।

आतंकी गतिविधियों में संलिप्त करीब एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार करने में इन एजेंसियों ने सफलता हासिल की। बड़ी घटनाओं को होने से रोका। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से कुछ माह पूर्व एनआइए ने आइएसआइएस के संदिग्ध लोहरदगा के फैजान अंसारी उर्फ फैज को गिरफ्तार किया था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का छात्र था और उसने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए जोड़ा था। उसकी निशानदेही पर ही मध्य प्रदेश के रतलाम से ओमर उर्फ राहुल सेन की गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले में एनआइए रांची में केस दर्ज हुआ।

छानबीन में यह बात सामने आई कि आरोपित इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की फौज तैयार कर रहे थे। उनका मकसद देश के धार्मिक स्थलों पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर अशांति फैलाना था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आइएसआइएस से जुड़े आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को दिल्ली व महाराष्ट्र से पकड़ा था। उनसे भी पूछताछ में इन गतिविधियों की जानकारी मिली थी। गत वर्ष दिल्ली पुलिस व झारखंड एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सबकंटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े दर्जनभर संदिग्धों को राजस्थान व रांची, हजारीबाग से गिरफ्तार किया था।

ये आतंकी प्रशिक्षण ले रहे थे ताकि देश को अशांत कर सकें।

कुल मिलाकर इनकी गिरफ्तारी ने देश को बहुत हद तक अशांत होने से बचा लिया।

पिछले एक साल के भीतर दिल्ली पुलिस व झारखंड एटीएस के हाथों गिरफ्तारी

वर्ष 2023

लोहरदगा से आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) का संदिग्ध फैजान अंसारी उर्फ फैज की गिरफ्तारी।

मध्य प्रदेश के रतलाम का ओमर उर्फ राहुल सेन गिरफ्तार।

# गोल्फ कोर्स, रियल एस्टेट, मीडिया बिजनेस... आखिर कितने रईस हैं ट्रंप?




नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। पहले कार्यकाल के बाद हुए चुनाव में हारने के बाद ट्रंप की सत्ता में वापसी किसी करिश्मे से कम नहीं है। ट्रंप चुनावी मैदान में उतरने से पहले बड़े कारोबारी थे। उनका बिजनेस रियल एस्टेट से लेकर मीडिया टेक्नोलॉजी तक फैला हुआ है। आइए जानते हैं कि ट्रंप के पास कुल कितनी संपत्ति है।

डोनाल्ड ट्रंप के पास कितनी दौलत- डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 में पहली बार राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का घोषणा की थी। उस वक्त ट्रंप की संपत्ति 4.5 अरब डॉलर थी। हालांकि, राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप की दौलत घट गई थी। यह 2020 में 4.5 अरब डॉलर से घटकर 2.1 अरब डॉलर पर आई। हालांकि, राष्ट्रपति पद का कार्यकाल खत्म होने के बाद ट्रंप की संपत्ति में फिर से बढ़ोतरी दर्ज की गई।

ट्रंप की नेटवर्थ 2022 में 3 और नवंबर 2024 तक 7 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, नवंबर 2024 में ट्रंप की नेटवर्थ 7.7 अरब डॉलर थी। इसका मतलब है कि करीब 64,855 करोड़ रुपये।

ट्रंप के प्रमुख बिजनेस क्या हैं? - डोनाल्ड ट्रंप की नेटवर्थ में सबसे बड़ा हिस्सा ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप का है। उनके पास कई गोल्फ क्लब, रिसॉर्ट्स और बंगले भी हैं। ट्रंप को रियल एस्टेट कारोबार विरासत में मिला है। उनके पिता फ्रेड ट्रंप न्यूयॉर्क के सबसे सफल रियल एस्टेट कारोबारियों में गिने जाते थे।

डोनाल्ड ट्रंप ने 1971 में अपने पिता का बिजनेस संभाला और उसे तेजी से आगे बढ़ाया। उन्होंने तमाम लग्जरी बिल्डिंग बनवाई। इनमें ट्रंप पैलेस, ट्रंप वर्ल्ड टावर, ट्रंप इंटरनेशनल होटल एंड रिसॉर्ट शामिल हैं।

ट्रंप का भारत में निवेश कितना है- डोनाल्ड ट्रंप के भारत में भी कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। यहां दो ट्रंप टावर तैयार हो चुके हैं। एक पुणे और दूसरा मुंबई में। वहीं, गुरुग्राम और कोलकाता में दो नए ट्रंप टावर बन रहे हैं। अभी भारत में कम से कम चार और ट्रंप टावर बनाने का प्लान है। इससे भारत ट्रंप ब्रांड के लिए सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार में से एक बन जाएगा।

ट्रंप के पास है महल जैसा मेंशन - Donald Trump के पास कई लग्जरी प्रॉपर्टीज हैं। वह 1 करोड़ डॉलर कीमत के खूबसूरत मेंशन के मालिक हैं। वह पहले कार्यकाल के बाद हुए चुनाव में हार गए थे। तब वह व्हाइट हाउस को छोड़ने के बाद इसी मेंशन में रहते हैं। यह मेंशन 1927 में बना था। इसे ट्रंप ने 1985 में खरीदा था।

यह मेंशन 20 एकड़ के दायरे में फैला है। इसमें 58 बेडरूम, 33 बाथरूम, 12 फायरप्लेस, एक स्पा, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट और गोल्फ कोर्स है। ट्रंप के पास न्यूयॉर्क, मैनहट्टन समेत सेंट मार्टिन, वर्जीनिया में भी आलीशान घर हैं।

# वीभत्स घटना... चीन में भीड़ को कार से रौंदने वाले को फांसी; अदालत ने कहा- अपना गुस्सा निकालने के लिए ऐसा किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। नवंबर महीने में चीन के झुहाई शहर में एक कार ने कई लोगों को रौंद दिया था। अब इस मामले में दोषी व्यक्ति को फांसी दे दी गई है। पिछले महीने चीन की एक अदालत ने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई थी।

घटना 11 नवंबर 2024 कगी है, जब 62 वर्षीय व्यक्ति फान ने एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बाहर एक्सरसाइज कर रहे लोगों पर जानबूझकर कार चढ़ा दी थी। इस घटना में 35 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 45 लोग घायल हो गए थे।



कोमा में चला गया था आरोपी- अदालत ने उसे सजा सुनाते हुए कहा कि उसके इरादे अत्यंत वीभत्स अपराध की प्रकृति अत्यंत गंभीर थी। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने कहा कि इस मामले में सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत उसे सजा सुनाई गई है।

चीन में 2014 के बाद से अब तक ये सबसे वीभत्स घटना है। फान द्वारा किए गए इस हमले के बाद से लोग भी सदमे में हैं। पुलिस ने कहा था कि उसे घटनास्थल पर ही चाकू से खुद को घायल करने के बाद हिरासत में लिया गया था और वह कोमा में चला गया था।

बीते कुछ समय में बड़ी घटनाएं- पिछले महीने ट्रायल के बाद उसे दोषी करार दिया गया था। अदालत ने कहा कि शादी टूटने, चिड़चिड़ापन और तलाक के बाद संपत्ति बंटवारे से असंतुष्ट होने पर उसने इस तरह अपने गुस्से को निकालने का तरीका अपनाया।


पश्चिमी देशों की तुलना में चीन में हिंसक घटनाएं न के बराबर देखने को मिलती हैं। लेकिन बीते कुछ समय में बड़े पैमाने पर मास कैजुअलिटी देखी गई। चाकूबाजी और कार हमलों ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सख्त पब्लिक सेफ्टी और क्राइम कंट्रोल के दावे पर सवालिया निशान उठाए हैं।

## युद्धविराम के बाद हमास ने इजरायल को सौंपे पहले तीन बंधक



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के समझौते के बाद हमास ने पहली तीन बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया है। अब उन्हें इजरायल ले जाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पहले रिहा की गई तीनों बंधक महिलाएं हैं। बता दें कि युद्धविराम पर सहमति के बाद 15 महीन से चल रहा भीषण युद्ध खत्म हो गया है। हालांकि हमास की तरफ से रिहा किए जाने वाले बंधकों की लिस्ट सौंपने में देरी की वजह से सीजफायर में देरी हो गई। ऐसे में सुबह भी इजरायली सेना ने हमला किया जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई थी। बंधकों को रिहा किए जाने का सीधा प्रसारण भी टीवी पर किया गया। रिहा की जाने वाली महिला बंधकों के नाम रोमी गोनेन, डोरोन स्टीनब्रेचर और एमिली दमारी हैं। 24 साल की रोमी गोनेन इजरायल के केफर ब्रादिम की रहने वाली हैं। उन्हें घूमना-फिरना और डांस करना पसंद है। 7 अक्टूबर को उन्हें नोवा फेस्टिवल से ही हमास के आतंकियों ने अगवा कर लिया था। दूसरी महिला डोरोन स्टीनब्रेचर कफर गाजा की रहने वाली हैं। वह एक वेटनरी नर्स हैं। उन्हें जानवरों से काफी प्रेम है। किबुत्ज से उन्हें अगवा कर लिया गया था।

## नौकरी तलाश रहे भारतीय छात्र को अमेरिका में गोलियों से भूना; मौत पर मचा बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना में एक हैदराबाद के लड़के की मौत हो गई है। मृतक की पहचान रवि तेजा के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के आरके पुरम ग्रीन हिल्स कॉलोनी का निवासी था।

नौकरी की तलाश में थे रवि हैदराबाद के चैतन्यपुरी में ग्रीन हिल्स कॉलोनी में आरके पुरम के मूल निवासी रवि तेजा वर्ष 2022 में अपनी मास्टर्स की पढ़ाई करने गए थे। पढ़ाई पूरी कर ली थी और नौकरी के लिए ट्रायल पर थे। घटना के बाद हैदराबाद में रवितेज के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

पिछले साल तेलंगाना के एक युवक की हुई थी हत्या - बता दें कि अमेरिका में इस तरह की गोलीबारी की घटनाएं आम बात बन चुकी है। पिछले साल नवंबर में तेलंगाना के खम्मम जिले के रहने वाले एक युवक की शिकागो में एक गैस स्टेशन पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## पॉप सिंगर अमीर हुसैन ने किया था पैगम्बर मुहम्मद का अपमान, ईरान की अदालत ने सुनाई मौत की सजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान की एक अदालत ने लोकप्रिय गायक अमीर हुसैन मघसूदलू, जिन्हें टाटालू के नाम से जाना जाता है, को ईशनिंदा के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद अपील पर मौत की सजा सुनाई है। इसकी जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी।



सुधारवादी समाचार पत्र एतेमाद ने ऑनलाइन रिपोर्ट में बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने ईशनिंदा सहित अन्य अपराधों के लिए पिछले पांच साल की जेल की सजा पर अभियोजक की आपत्ति को स्वीकार कर लिया है।

इसमें कहा गया है कि मामले को फिर से खोला गया और इस बार अभियुक्त को पैगंबर का अपमान करने के लिए मौत की सजा सुनाई गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फैसला अंतिम नहीं था और अभी भी अपील की जा सकती है।


37 वर्षीय भूमिगत संगीतकार 2018 से इस्तांबुल में रह रहे थे, इससे पहले कि तुर्की पुलिस ने उन्हें दिसंबर 2023 में ईरान को सौंप दिया।

तब से वह ईरान में हिरासत में हैं।

टाटालू को वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने के लिए 10 साल की सजा सुनाई गई थी और अन्य मामलों में इस्लामी गणराज्य के खिलाफ प्रचार फैलाने और अश्लील सामग्री प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया था।

रैप, पॉप और आर एंड बी के संयोजन के लिए जाने जाने वाले भारी टैटू वाले गायक को पहले रूढ़िवादी राजनेताओं द्वारा युवा, उदारवादी सोच वाले ईरानियों तक पहुँचने के तरीके के रूप में पेश किया गया था।

## ब्रिटेन के 10 फीसद अमीरों ने भारत की आधी संपत्ति लूट ली थी, अंग्रेजों ने कुल कितने पैसे लूटे? रिपोर्ट में खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी के उपनिवेशवाद के दौरान भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर निकाले, जिनमें से 33.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर सबसे अमीर 10 प्रतिशत के पास गए - यह इतनी राशि थी कि लंदन में 50 ब्रिटिश पाउंड के नोटों के रूप में लगभग चार बार बिक सकते थे।

यह अधिकार समूह ऑक्सफैम इंटरनेशनल की नवीनतम प्रमुख वैश्विक असमानता रिपोर्ट का हिस्सा है, जिसे हर साल विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन जारी किया जाता है।


टेकर्स, नॉट मेकर्स शीर्षक वाली यह रिपोर्ट दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों की वार्षिक बैठक शुरू होने से कुछ घंटे पहले सोमवार को जारी की गई, जिसमें कई अध्ययनों और शोध पत्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि आधुनिक बहुराष्ट्रीय निगम केवल उपनिवेशवाद की देन है।

ऐतिहासिक उपनिवेशवाद के समय में शुरू हुई असमानता और लूट की विकृतियाँ, आधुनिक जीवन को आकार दे रही हैं।

ऑक्सफैम ने कहा, इसने एक बहुत ही असमान दुनिया बनाई है, एक ऐसी दुनिया जो नस्लवाद के आधार पर विभाजन से टूटी हुई है, एक ऐसी दुनिया जो वैश्विक दक्षिण से व्यवस्थित रूप से धन निकालना जारी रखती है ताकि मुख्य रूप से वैश्विक उत्तर के सबसे अमीर लोगों को लाभ पहुँचाया जा सके।

## इजरायल की कैद से छूटे तो विक्ट्री साइन दिखाने लगे कैदी, लहराए हमास और हिजबुल्ला के झंडे; मना जश्न

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल की कैद से छूटे 90 फिलिस्तीनी बंधक जब गाजा पहुंचे तो वहां बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। सफेद वॉल्वो बसों में सवार इन कैदियों को इजरायल ने रेड क्रॉस को सौंपा था, जिसकी टीम इन्हें लेकर गाजा में दाखिल हुई तो जश्न मनने लगा। कुछ लोग तो बसों की छतों पर ही चढ़ गए और विक्ट्री साइन दिखाने लगे। इसके अलावा इन लोगों के हाथों में हमास और हिजबुल्ला के झंडे भी थे। इजरायल की कैद से छूटे 90 लोगों को लेकर बसें रामलल्हा से तीन किलोमीटर दूर स्थित बेतुनिया कस्बे में पहुंचीं तो जश्न मनने लगा। हजारों की संख्या में जुटे फिलिस्तीनियों ने बसों को घेर लिया और नारे लगाते दिखे। वहीं कुछ उत्साही लोग बसों पर ही झंडे लेकर चढ़ गए।



हमास ने इजरायल के तीन बंधकों को छोड़ा था, जिसके बाद यहूदी देश ने भी बदले में 90 कैदियों को रिहा किया। यह हमास और इजरायल के बीच सीजफायर के बाद पहली डील थी। अब कहा जा रहा है कि 25 तारीख को दूसरी बार दोनों तरफ से लोगों को छोड़ा जाएगा। इस डील के तहत तय हुआ है कि एक इजरायली बंधक के बदले में बेंजामिन नेतन्याहू सरकार 30 लोगों को रिहा करेगी, जो उसकी जेलों में बंद हैं। इजरायल ने जिन लोगों को रिहा किया है, उनमें से ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। इन लोगों पर इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप हैं। जैसे इजरायली प्रतिष्ठानों पर पत्थर फेंकना, सुरक्षा बलों को टारगेट करना आदि। इसके अलावा कुछ लोगों पर हत्या के प्रयास जैसे मुकदमे भी दर्ज थे।

# दादी या मां... किसके साथ रहेगा अतुल सुभाष का बेटा? आ गया सुप्रीम फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु के टेक इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद उनका चार साल का बेटा किसके साथ रहेगा इसको लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया है। अतुल सुभाष का चार साल का बेटा अपनी मां (अतुल सुभाष से अलग रहीं उनकी पत्नी) के पास रहेगा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया।

दरअसल, अतुल सुभाष की मौत के बाद उनकी मां ने अपने पोते को रखने की मांग की थी। वहीं, अतुल सुभाष से अलग रह रहीं उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया ने अपने बेटे की कस्टडी मांगी थी। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन था, जिसपर आज फैसला आया है।

निकिता सिंघानिया के पास रहेगी बेटे की कस्टडी- देश के शीर्ष न्यायालय ने फैसला देते हुए कहा कि 4 साल के बेटे की कस्टडी उसकी मां को मिलनी चाहिए। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एससी शर्मा ने वीडियो लिंक के माध्यम से बच्चे से बात करने के बाद ये फैसला सुनाया। अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी और मांग की थी कि पोते की कस्टडी उन्हें मिले। इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। हालांकि, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने इस तरह के किसी भी अनुरोध को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण (याचिका) है, हम बच्चे को देखना चाहते हैं। बच्चे को पेश करें।

अदालत ने की बच्चे से बात- इसके बाद करीब 45 मिनट के ब्रेक के बाद बच्चे से ऑनलाइन माध्यम से न्यायाधीशों ने बात की। इस दौरान कोर्ट की कार्यवाही को ऑफलाइन कर दिया गया था।

## क्या शिवसेना में बगावत करा रही भाजपा? जिसके नाम पर अफवाह, उस नेता ने क्या बताया



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एक बार फिर राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत दिख रहे हैं। यूबीटी नेता और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने दावा किया था कि एकनाथ शिंदे गुट में नए नेतृत्व का उदय होने वाला है। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में उद्योग मंत्री और शिवसेना नेता उदय सामंत के पास 20 शिंदे विधायकों का समर्थन है और इस बात ने एकनाथ शिंदे को टेंशन दे दी है। अब कांग्रेस नेता विजय वेडट्टीवार ने भी बड़ा दावा किया कि शिंदे के व्यवहार से नाराज होकर भाजपा सामंत के रूप में शिवसेना में नए नेतृत्व को बढ़ावा दे रही है। इन आरोपों पर सामंत ने चुप्पी तोड़ी और स्पष्टीकरण जारी किया है। इससे पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार ने शनिवार को राज्य के सभी जिलों के लिए संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति की। इस सूची में शिवसेना के दो वरिष्ठ मंत्रियों दादा भुसे और भरत गोगावले को शामिल नहीं किया गया, जिससे पार्टी में नाराजगी फैल गई और गोगावले ने खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद शिंदे सतारा में अपने पैतृक गांव दारे का दौरा करने के लिए रवाना हो गए, जिससे अटकलें लगाई जाने लगीं कि वह इस फैसले से नाखुश हैं।

## रेल यात्रियों की बल्ले-बल्ले, अब बिना रिजर्वेशन के करें सफर; शुरू होने जा रही ट्रेनें



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे में सफर करने वालों को बिना रिजर्वेशन के यात्रा करने में पहले काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब ये यात्री बिना रिजर्वेशन के ही आसानी से यात्रा कर सकेंगे। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई ट्रेनें चलाने का फैसला किया है, ये सभी ट्रेनें 20 जनवरी यानी आज से चलेंगी, बताया जा रहा है इन ट्रेनों को उन रास्तों पर ही चलाया जाएगा, जहां पर यात्रियों की संख्या ज्यादा होगी।

इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले लोगों को जनरल टिकट स्टेशन पर टिकट काउंटर से खरीदना होगा। साथ ही वो यूटीएस एप के जरिए टिकट बुक कर पाएंगे। इन ट्रेनों में जनरल कैटेगरी और सीटिंग कैटेगरी के डिब्बे रहेंगे। IRCTC की 10 नई ट्रेनें देश के प्रमुख शहरों को जोड़ेंगी।

### *कौन सी ट्रेन कब चलेगी?*

मुंबई-पुणे सुपरफास्ट, सुबह 7:30 बजे मुंबई से रवाना होकर सुबह 11:00 बजे पुणे पहुंचेगी।

हैदराबाद-विजयवाड़ा एक्सप्रेस हैदराबाद से सुबह 7:30 बजे शुरू होगी और दोपहर 2:00 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी।

दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस दिल्ली से सुबह 6:00 बजे शुरू होगी और दोपहर 1:30 बजे जयपुर पहुंचेगी।

लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस लखनऊ से सुबह 7:00 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

## तेज बुखार पर पिया गोमूत्र, हो गया ठीक, आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर का दावा, छिड़ गई बहस



नई दिल्ली (एजेंसी)। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक कार्यक्रम में उन्होंने गोमूत्र के एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और पाचन सुधार गुणों के बारे में बात की। वीडियो में कामकोटि गोमूत्र के कवकरोधी, जीवाणुरोधी, पाचन संबंधी गुणों (एंटि-बैक्टीरियल, एंटि-फंगल और डाइजेस्टिव प्रॉपर्टीज) का समर्थन करते हुए दिख रहे हैं।


कामकोटि ने यह भी दावा किया कि इसका इस्तेमाल इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी बीमारियों के लिए किया जाता है। उन्होंने इसमें कहा कि यह बड़ी आंत से संबंधित बीमारी 'इरिटेबल बाउल सिंड्रोम' जैसी स्थितियों के लिए लाभदायक है। इसके औषधीय गुण पर विचार किया जाना चाहिए। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। लोग उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं।

आईआईटी मद्रास ने अपने बचाव में क्या कहा- अपनी टिप्पणी पर आक्रोश के बीच, प्रोफेसर कामकोटि ने आज सुबह अपना बचाव करते हुए कहा, गोमूत्र के एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों को वैज्ञानिक रूप से प्रदर्शित किया गया है... संयुक्त राज्य अमेरिका की शीर्ष पत्रिकाओं ने वैज्ञानिक रूप से रिजल्ट प्रकाशित किया है।

गो संरक्षण शाला के कार्यक्रम में कही बात- कामकोटि पोंगल के फसल उत्सव का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम में गाय के पोस्टर के सामने खड़े होकर कामकोटि एक संन्यासी की कहानी सुनाते हैं, जिसने गौमूत्र या गोमूत्र पीकर खुद को ठीक किया, और एलान किया। बिखरी तालियों के साथ...हमें इसके औषधीय महत्व को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने बताया, एक सन्यासी था... उसे तेज बुखार था और लोग डॉक्टर को बुलाना चाहते थे। लेकिन वह संन्यासी, जिसका नाम मैं भूल गया हूं, उसने (संस्कृत में) कहा, गौमूत्र पिबामि और तुरंत गौशाला में गया और थोड़ा गोमूत्र ले आया। उसने यह सब पी लिया और 15 मिनट में उसका बुखार गायब हो गया।

## शेरोन राज हत्याकांडः भविष्यवाणी के डर से प्रेमी को दिया था जहर, अब गर्लफ्रेंड को मौत की सजा; केरल की अदालत का बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल की एक 24 वर्षीय लड़की को अपने प्रेमी की हत्या करने के मामले में मौत की सजा मिली है। तिरुवनंतपुरम की एक स्थानीय अदालत ने ग्रीष्मा नाम की इस लड़की को अपने प्रेमी शेरोन राज की हत्या के लिए फांसी की सजा सुनाई है।

दवाई में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाया - ग्रीष्मा ने अपने प्रेमी को 14 अक्टूबर 2022 को आयुर्वेदिक दवा में जहरीला पदार्थ मिलाकर दे दिया था। इसके चलते शेरोन की मौत हो गई।

ये है पूरा मामला- शेरोन राज बीएससी रेडियोलॉजी की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था।

ग्रीष्मा से उसकी मुलाकात कन्याकुमारी में निजी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान हुई थी।

तनाव के बीच पहले दोनों के बीच कथित तौर पर एक साल से अधिक समय तक प्रेम संबंध रहे।

लड़के पक्ष ने बताया कि ग्रीष्मा दूसरे लड़के से शादी करना चाहती थी, इसलिए उसने अपनी मां और चाचा के साथ मिलकर शेरोन की हत्या की साजिश रची।

ये भी बात सामने आई कि ग्रीष्मा ने ये हत्या ज्योतिषीय भविष्यवाणी के डर के चलते की थी। उसे कहा गया था कि उसके पहले पति की मृत्यु हो जाएगी।

ग्रीष्मा ने अपने बॉयफ्रेंड शेरोन राज को 14 अक्टूबर 2022 को कन्याकुमारी में स्थित रामवर्मनचिराई में अपने घर बुलाया था।

वहां उसे पैराक्वाट नामक एक जड़ी-बूटी से युक्त आयुर्वेदिक टॉनिक से जहर दिया गया।

11 दिन बाद 23 वर्षीय राज का मल्टी ऑर्गन फेल्योर हो गया।

25 अक्टूबर, 2022 को उसके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया।

शेरोन राज की मौत के बाद पुलिस ने ग्रीष्मा को गिरफ्तार कर लिया।

लड़की के चाचा को भी 3 साल की जेल- अदालत ने सजा सुनाए जाने के समय शेरोन के माता-पिता को भी बुलाया था, जिससे मामले की भावनात्मक गंभीरता उजागर हुई।

## पिता को गांव में दफनाने में असमर्थ बेटे ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, SC बोला- 'बेटे को ऐसे देखकर दुख हुआ'



नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसे यह देखकर दुख हुआ कि छत्तीसगढ़ के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपने पिता को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ रमेश बघेल नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उनके पिता, जो पादरी हैं, को गांव के कब्रिस्तान में ईसाइयों को दफनाने के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाने की उनकी याचिका का निपटारा कर दिया गया था।

पीठ ने कहा, किसी व्यक्ति को जो किसी विशेष गांव में रहता है, उसे उसी गांव में क्यों नहीं दफनाया जाना चाहिए? शव 7 जनवरी से मुर्दाघर में पड़ा है। यह कहते हुए दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ा। हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि न तो पंचायत, न ही राज्य सरकार या उच्च न्यायालय इस समस्या को हल करने में सक्षम थे। हम उच्च न्यायालय की टिप्पणी से हैरान हैं कि इससे कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा होगी। हमें यह देखकर दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति अपने पिता को दफनाने में असमर्थ है और उसे सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है। बघेल ने कहा कि गांव वालों ने शव को दफनाने पर ÷कड़ा विरोध÷ जताया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी।

शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि ईसाइयों के लिए कोई कब्रिस्तान नहीं है और उस व्यक्ति को गांव से 20 किलोमीटर दूर किसी स्थान पर दफनाया जा सकता है।

बघेल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस ने कहा कि राज्य द्वारा प्रस्तुत हलफनामे से पता चलता है कि उनके परिवार के सदस्यों को भी गांव में दफनाया गया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 माघ कृष्ण अष्टमी

## संपादकीय

# समय अच्छा और स्वस्थ बिताने के लिए दूसरों के बारे कुछ भी अनुमान लगाते रहना हमारी आदतों में शुमार है



अनुमानों की दुनिया कमाल है। समय अच्छा और स्वस्थ बिताने के लिए दूसरों के बारे कुछ भी अनुमान लगाते रहना हमारी आदतों में शुमार है। माना जाता है कि हमें तो पहले से सब कुछ पता है। आत्मविश्वास बढ़ा हुआ लगता है, लेकिन यह सब कुछ आत्मकेंद्रित ज्यादा होता है। कुछ लोगों के अनुमान सटीक भी होते हैं, जिसमें उनका गहन अनुभव, उनके ज्ञान और विश्लेषण की क्षमता की सक्रिय भूमिका होती है । फिर भी अनुमान अंदाजा ही है। अंदाजा लगाना हमारी जिंदगी का जरूरी हिस्सा बना हुआ है, लेकिन उससे बेहतर है कि हम अपने शरीर और सोच को सक्रिय रखते हुए असलियत जानने की कोशिश करें, ताकि दिमाग अनुमानों का नहीं, वास्तविक जानकारी का खजाना बन सके। अगर कोई परिचित बहुत दिनों बाद मिले, तो लोगों का अनुमान लगाना शुरू हो जाता है। लोग सोचने लगते हैं कि शायद वे बीमार होंगे। मेहमान स्वस्थ रहने के लिए चीनी कम पीए या फीकी चाय के लिए आग्रह करे तो उनकी जिंदगी में चीनी ज्यादा होने का अंदाजा तुरंत लगा लिया जाता है। खुद के वैवाहिक जीवन में कई दर्जन मसले चल रहे होते हैं, लेकिन दूसरों के जीवन और खासतौर पर वैवाहिक जीवन के बारे में संजीदा आकलन कर यह गहन विचार किया जा रहा होता है कि अब उन्हें क्या करना चाहिए। अनेक राजनीतिक, धार्मिक कयास ऐसे होते हैं जो समाज और देश का भला नहीं करते ।

कहीं जाना हो तो लोग कयास लगाते हैं कि इतने समय में वहां पहुंच जाएंगे। कितनी बार ऐसा होता है हम आधुनिक तकनीकी के रूप में जीपीएस की मदद लेते हैं, लेकिन उससे गंतव्य पर जल्दी पहुंचने के बजाय और ज्यादा समय लग जाता है। दरअसल, जीपीएस कई बार जल्दी पहुंचाने की कोशिश में छोटी जगहों में फंसा देता है। सड़कों पर भीड़भाड़ वाले समय में यातायात नियंत्रण के लिए लगाई गई बत्तियों पर गाड़ियों की जुलूसनुमा भीड़ सरक रही होती है और अंदाजा बेहोश हो चुका होता है। भूख के मारे पेट में सही समय पर खाने की आदतें कूद रही होती हैं। खास मौकों पर ठीक वक्त पर पहुंचने में अनेक बार देर हो जाती है ।

हममें से ज्यादातर लोग बच्चों को पैदा होने के कुछ वर्ष बाद ही कोचिंग देना शुरू कर देते हैं। उसे अक्सर यह कहने से नहीं हिचकते कि तुम्हें सबसे आगे रहना है... हमेशा नंबर वन रहना है। इस बीच हम यह अंदाजा लगाना भूल जाते हैं कि इस दुनिया में दूसरे बच्चे भी हैं, जिनके अभिभावक भी यही जरूरी कोचिंग दे रहे होते हैं। बच्चों को हारना या गिरना भी सिखाना जरूरी है। यह अंदाजा लगाना जरूरी है कि तब उन्हें कितनी मेहनत करनी होगी। कोई गलत चीज खरीद लेने पर कयास लगा लेते हैं कि अगर वापस करने गए तो दुकानदार बदलेगा नहीं या वापस नहीं करेगा। उसके बाद वह चीज घर में यों ही पड़ी रह जाती है। एक बार दुकानदार के पास जाकर उससे गुजारिश करने में कोई हर्ज नहीं । शायद वापस ले ले। नहीं तो यह संभव हो सकता है कि बदल कर दूसरी दे दे । ज्यादा से ज्यादा यह हो सकता है कि वह मना कर देगा ।

कुछ समय पहले तक बैंक के लिए जमा राशियों की बहुत जरूरत होती थी। एक बैंक के शाखा प्रबंधक ने मुख्य द्वार के बाहर बैठे एक बुजुर्ग की बात अनसुनी करते हुए कहा कि दस बजे आइए। उन बुजुर्ग ने एक व्यक्ति को रोका और हाथ में मजबूती से पकड़ा थैला थमाते हुए बोले, इसमें एक लाख रुपए हैं, बड़ी मुश्किल से बचाए हैं, सावधि योजना में जमा करना है। जो बाबू अंदर गए, उन्होंने कहा कि दस बजे आइए बाबा । व्यक्ति एक लाख रुपए वाला साधारण-सा थैला प्रबंधक की मेज पर रखा और कहा कि ये एक लाख रुपए हैं, आप इनका शुक्रिया अदा करें ... सुबह-सुबह बिना मेहनत एक लाख रुपए जमा हो रहे हैं।

# शिवपूजन सहाय



आचार्य शिवपूजन सहाय हिन्दी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारम्भिक लेख लक्ष्मी, मनोरंजन तथा पाटलीपुत्र आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। शिवपूजन सहाय ने 1934 ई. में लहेरियासराय (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र बालक का सम्पादन किया। स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के संचालक तथा बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से प्रकाशित साहित्य नामक शोध-समीक्षाप्रधान त्रैमासिक पत्र के सम्पादक थे।

## जन्म और शिक्षा

शिवपूजन सहाय का जन्म सन 1893 ई. उनवास ग्राम, उपसंभाग बक्सर, शाहाबादल्र ज़िला (बिहार) में हुआ था। 1912 ई. में आरा नगर के एक हाईस्कूल से शिवपूजन सहाय ने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने सामाजिक जीवन का शुभारम्भ हिन्दी शिक्षक के रूप में किया और साहित्य के क्षेत्र में पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से आये। शिवपूजन सहाय के आरम्भिक लेख तथा कहानियाँ शिक्षा, लक्ष्मी, मनोरंजन तथा पाटलीपुत्र आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे।

## सेवाएँ

शिवपूजन सहाय की सेवाएँ हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय हैं। 1921-1922 ई. के आस-पास शिवपूजन सहाय ने आरा से निकलने वाले मारवाड़ी सुधार नामक मासिक पत्रिका का सम्पादन किया। उन्होंने 1923 ई. में वे कलकत्ता के मतवाला मण्डल के सदस्य हुए और कुछ समय के लिए आदर्श, उपन्यास तरंग, तथा समन्वय आदि पत्रों में सम्पादन का कार्य किया। शिवपूजन सहाय ने 1925 ई. में कुछ मास के लिए माधुरी के सम्पादकीय विभाग को अपनी सेवाएँ अर्पित कीं। वह 1930 ई. में सुल्तानगंज-भागलपुर से प्रकाशित होने वाली गंगा नामक मासिक पत्रिका के सम्पादक मण्डल के सदस्य भी हुए। एक वर्ष के उपरान्त काशी में रहकर उन्होंने साहित्यिक पाक्षिक जागरण का सम्पादन किया। शिवपूजन सहाय काशी में कई वर्ष तक रहे। 1934 ई. में लहेरियासराय (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र बालक का सम्पादन किया। भारत की स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के संचालक तथा बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से प्रकाशित साहित्य नामक शोध-समीक्षाप्रधान त्रैमासिक पत्र के सम्पादक थे।

## लेखन कार्य

शिवपूजन सहाय की लिखी हुई पुस्तकें विभिन्न विषयों से सम्बद्ध हैं तथा उनकी विधाएँ भी भिन्न-भिन्न हैं। बिहार का बिहार बिहार प्रान्त का भौगोलिक एवं ऐतिहासिक वर्णन प्रस्तुत करती है। विभूति में कहानियाँ संकलित हैं। देहाती दुनियाँ (1926 ई.) प्रयोगात्मक चरित्र प्रधान औपन्यासिक कृति है। इसकी पहली पाण्डुलिपि लखनऊ के हिन्दू-मुस्लिम दंगे में नष्ट हो गयी थी। इसका शिवपूजन सहाय जी को बहुत दुग्ख था। उन्होंने दुबारा वही पुस्तक फिर लिखकर प्रकाशित करायी, किन्तु उससे शिवपूजन सहाय को पूरा संतोष नहीं हुआ। शिवपूजन सहाय कहा करते थे कि- ÷पहले की लिखी हुई चीज़ कुछ और ही थी।÷ ग्राम सुधार तथा अन्नपूर्णा के मन्दिर में नामक दो पुस्तकें ग्रामोद्धारसम्बन्धी लेखों के संग्रह हैं। इनके अतिरिक्त दो पड़ी एक हास्यरसात्मक कृति है, माँ के सपूत बालोपयोगी तथा अर्जुन और भीष्म नामक दो पुस्तकें महाभारत के दो पात्रों की जीवनी के रूप में लिखी गयी हैं। शिवपूजन सहाय ने अनेक पुस्तकों का सम्पादन भी किया, जिनमें राजेन्द्र अभिनन्दन ग्रन्थ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, (पटना) ने इनकी विभिन्न रचनाओं को अब तक चार खण्डों में शिवपूजन रचनावली के नाम से प्रकाशित किया है।

## विशिष्ट स्थान

शिवपूजन सहाय का हिन्दी के गद्य साहित्य में एक विशिष्ट स्थान है। उनकी भाषा बड़ी सहज थी। इन्होंने उर्दू के शब्दों का प्रयोग धड़ल्ले से किया है और प्रचलित मुहावरों के सन्तुलित उपयोग द्वारा लोकरुचि का स्पर्श करने की चेष्टा की है। शिवपूजन सहाय ने कहीं-कहीं अलंकार प्रधान अनुप्रास बहुल भाषा का भी व्यवहार किया है और गद्य में पद्य की सी छटा उत्पन्न करने की चेष्टा की है। भाषा के इस पद्यात्मक स्वरूप के बावजूद शिवपूजन सहाय के गद्य लेखन में गाम्भीर्य का अभाव नहीं है। शिवपूजन सहाय की शैली ओज-गुण सम्पन्न है और यत्र-तत्र उसमें वक्तृत्व कला की विशेषताएँ उपलब्ध होती हैं।

## हिन्दी-सेवा

शिवपूजन सहाय का समस्त जीवन हिन्दी की सेवा की कहानी है। इन्होंने अपने जीवन का अधिकांश भाग हिन्दी भाषा की उन्नति एवं उसके प्रचार-प्रसार में व्यतीत किया है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन तथा बिहार राष्ट्रभाषा परिषद नामक हिन्दी की दो प्रसिद्ध संस्थाएँ इनकी कीर्ति कथा के अमूल्य स्मारक के रूप में हैं। इनके संस्मरण में बिहार से स्मृति ग्रन्थ भी प्रकाशित हुआ है।

## रचनाएँ

आचार्य शिवपूजन सहाय की प्रमुख रचनाएँ निम्नलिखित हैं-

देहाती दुनियाँ - 1926
मतवाला माधुरी - 1924
गंगा - 1931
जागरण - 1932
हिमालय - 1946
साहित्य - 1950
वही दिन वही लोग - 1965
मेरा जीवन - 1985
स्मृति शेश - 1994
हिन्दी भाषा और साहित्य - 1996

सहायक ग्रन्थ - शिवपूजन रचनावली (चार खण्डों में), बिहार राष्ट्रीय भाषा परिषद्, पटना।

## पत्रकारिता में योगदान

हिन्दी पत्रकारिता के पुरोधा आचार्य शिवपूजन सहाय 1910 से 1960 ई. तक विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, जैसे- आज, सन्मार्ग, आर्यावर्त, हिमालय आदि में सारगर्भित लेख लिखते रहे। उस दौरान उन्होंने हिन्दी पत्रों और पत्रकारिता की स्थिति पर भी गंभीर टिप्पणियाँ की थीं। अपने लेखों के जरिये वे जहाँ भाषा के प्रति सजग दिखाई देते थे, वहीं पूँजीपतियों के दबाव में संपादकों के अधिकारों पर होते कुठाराघात पर चिंता भी जाहिर करते थे। अपने लेख ÷हिन्दी के दैनिक पत्र में आचार्य शिवपूजन सहाय ने लिखा था कि- लोग दैनिक पत्रों का साहित्यिक महत्व नहीं समझते, बल्कि वे उन्हें राजनीतिक जागरण का साधन मात्र समझते हैं। किंतु हमारे देश के दैनिक पत्रों ने जहाँ देश को उद्बुद्ध करने का अथक प्रयास किया है, वहीं हिन्दी प्रेमी जनता में साहित्यिक चेतना जगाने का श्रेय भी पाया है। आज प्रत्येक श्रेणी की जनता बड़ी लगन और उत्सुकता से दैनिक पत्रों को पढ़ती है। दैनिक पत्रों की दिनोंदिन बढ़ती हुई लोकप्रियता हिन्दी के हित साधन में बहुत सहायक हो रही है। आज हमें हर बात में दैनिक पत्रों की सहायता आवश्यक जान पड़ती है। भाषा और साहित्य की उन्नति में भी दैनिक पत्रों से बहुत सहारा मिल सकता है।

शिवपूजन सहाय का यह भी कहना था कि भारत की साधारण जनता तक पहुँचने के लिए दैनिक पत्र ही सर्वोत्तम साधन हैं। देश-देशांतर के समाचारों के साथ भाषा और साहित्य का संदेश भी दैनिक पत्रों द्वारा आसानी से जनता तक पहुँचा सकते हैं और पहुँचाते आये हैं। कुछ दैनिक पत्र तो प्रति सप्ताह अपना एक विशेष संस्करण भी निकालते हैं, जिसमें कितने ही साप्ताहिकों और मासिकों से भी अच्छी साहित्यिक सामग्री रहती है। दैनिक पत्रों द्वारा हम रोज-ब-रोज की राजनीतिक प्रगति का विस्तृत विवरण ही नहीं पाते, बल्कि समाज की वैचारिक स्थितियों का विवरण भी पाते हैं।

# संपत्ति बेचकर कर्ज चुकाएगी गो फर्स्ट, खत्म होगा एयरलाइन का वजूद, NCLT की मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को बंद पड़ी बजट एयरलाइन गो फर्स्ट के लिक्विडेशन को मंजूरी दे दी। यह निर्णय न्यायिक सदस्य महेंद्र खंडेलवाल और तकनीकी सदस्य डॉ. संजीव रंजन की पीठ द्वारा दिया गया, जिन्होंने एयरलाइन की लेंडर्स समिति (सीओसी) द्वारा प्रस्तुत आवेदन के पक्ष में फैसला सुनाया। बता दें कि लिक्विडेशन के तहत किसी कंपनी की संपत्तियों को बेचकर उसके कर्ज और देनदारियों का भुगतान किया जाता है। इस प्रक्रिया के बाद कंपनी का वजूद भी खत्म हो जाता है।

वाडिया समूह के स्वामित्व वाली गो फर्स्ट ने 2 मई, 2023 को परिचालन बंद कर दिया था और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) की धारा 10 के तहत 10 मई को स्वेच्छा से दिवाला कार्यवाही की मांग की थी। कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में प्रवेश के बाद एयरलाइन की संपत्ति और संचालन की देखरेख के लिए एक रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) नियुक्त किया गया था। हालांकि, सीओसी ने विमान और परिचालन संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए सितंबर 2024 में निर्धारित किया कि एयरलाइन के पास रिवाइवल का कोई और रास्ता नहीं है और लिक्विडेशन के लिए दायर किया गया था।

बता दें कि एयरलाइन पर कुल लगभग 11,000 करोड़ का कर्ज है। इस पर बैंकों का 6,521 करोड़ बकाया है। इसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 1,987 करोड़ का सबसे बड़ा लेंडर है, इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा 1,430 करोड़, ड्यूश बैंक 1,320 करोड़ और आईडीबीआई बैंक 58 करोड़ है। इसके अलावा, एयरलाइन पर विमान लीज पर देने वालों का 2,000 करोड़, विक्रेताओं का 1,000 करोड़, ट्रैवल एजेंटों का 600 करोड़ और ग्राहकों का रिफंड 500 करोड़ बकाया है। वहीं, गो फर्स्ट ने COVID-19 महामारी के दौरान शुरू की गई सरकार की इमरजेंसी लोन स्कीम के तहत 1,292 करोड़ का उधार भी लिया। एयरलाइन की टॉप संपत्तियों में ठाणे में 94 एकड़ जमीन का पार्सल, जिसकी कीमत लगभग 3,000 करोड़ है। मुंबई में एक एयरबस ट्रेनिंग फैसिलिटी और इसका मुख्यालय शामिल है।

## शादियों के सीजन में सोने के चढ़े भाव, चांदी के गिरे, ऐसे चेक करें शुद्धता



नई दिल्ली (एजेंसी)। शादियों के सीजन में सोने की कीमतों में आज तेजी है। जबकि, चांदी के रेट में गिरावट है। दोपहर 12 बजे जारी आईबीजेए के रेट के मुताबिक 24 कैरेट सोना 144 रुपये महंगा होकर 79383 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 139 रुपये सस्ती होकर 90681 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली।

23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव आज 143 रुपये चढ़कर 79065 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 22 कैरेट गोल्ड में भी 132 रुपये की तेजी है और यह 72715 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 108 रुपये बढ़कर 59537 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 84 रुपये तेज होकर 46439 रुपये पर पहुंच गई है।

यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो।

यह निशान एक त्रिकोण के आकार में होता है जिसके नीचे "BIS" लिखा होता है। यह निशान सोने की शुद्धता का सबसे बड़ा प्रमाण होता है, जो दर्शाता है कि सोने की जांच बीआईएस से मान्यता प्राप्त लैब में की गई है और यह तय शुद्धता के मानकों को पूरा करता है।

## 20% उछल गया यह स्मॉलकैप शेयर, सरकार से मिली है बड़ी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मॉलकैप कंपनी ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। ग्लोबस स्पिरिट्स के शेयर सोमवार को क्कस्श्व में 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 954.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेजी सरकार की तरफ से बड़ी राहत मिलने के बाद आई है। मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन ने एथेनॉल प्रॉडक्शन को बढ़ावा देने के लिए एथेनॉल डिस्टिलरीज को सप्लाई किए जाने वाले चावल के दाम में कटौती की है।

इतनी घटी सप्लाई किए जाने वाले चावल की कीमत

ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड- ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि एथेनॉल डिस्टिलरीज को सप्लाई किए जाने वाले चावल की कीमत को 28 रुपये प्रति किलोग्राम से घटाकर 22.50 रुपये प्रति किलो कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से एथेनॉल प्रॉड्यूसर्स को इनपुट कॉस्ट घटाने में मदद मिलेगी। एथेनॉल प्रॉडक्शन की कॉस्ट सीधे तौर पर गवर्नमेंट एजेंसीज और ओपन मार्केट्स से खरीदे जाने वाले चावल के दाम से लिंक्ड है। चावल के दाम में बढ़ोतरी का सीधा असर एल्कोहल मैन्युफैक्चर करने वाली कंपनियों की प्रॉफिटैबिलिटी पर पड़ता है। चावल का दाम घटने से डिस्टिलरीज के लिए कॉस्ट इफीशिएंसी में सुधार आने की उम्मीद है। कुछ तरह की स्पिरिट्स चावल या इसके बाय-प्रॉडक्ट्स से बनाई जाती है, ऐसे में चावल के दाम कम रहने से रॉ मैटीरियल कॉस्ट घटेगी।

ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड- के शेयर पिछले 5 साल में 600 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। ग्लोबस स्पिरिट्स के शेयर 24 जनवरी 2020 को 134.05 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 20 जनवरी 2025 को 954.05 रुपये पर पहुंच गए हैं।

## पहले से कम हुआ पेटीएम का घाटा, 1250 रुपये तक जा सकते हैं कंपनी के शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा पहले से कम हुआ है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में पेटीएम का कंसॉलिडेटेड नेट लॉस घटकर 208.3 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 219.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर सोमवार को BSE में 919.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि पेटीएम के शेयरों में और तेजी देखने को मिलेगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कंपनी के शेयर 1250 रुपये तक जा सकते हैं।

कंपनी के शेयरों को मिला 1250 रुपये का टारगेट- ब्रोकरेज हाउस जेएम फाइनेंशियल ने पेटीएम का कवरेज फिर से शुरू किया है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। जेएम फाइनेंशियल ने कंपनी के शेयरों के लिए 1250 रुपये का प्राइस टारगेट दिया है। शुक्रवार के क्लोजिंग लेवल से कंपनी के शेयरों में करीब 40 पर्सेंट का उछाल देखने को मिल सकता है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। ब्रोकरेज हाउस Bernstein ने पेटीएम के शेयरों के लिए 1100 रुपये का टारगेट दिया है।

1828 करोड़ रुपये रहा कंपनी का रेवेन्यू - चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पेटीएम का कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 36 पर्सेंट घटकर 1828 करोड़ रुपये रहा है।

# 57% घट गया जोमैटो का प्रॉफिट, खबर आते ही फटाफट शेयर बेचने लग गए निवेशक, 7% गिरा भाव





नई दिल्ली (एजेंसी)। फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो लिमिटेड ने अपने चालू वित्त वर्ष के लिए दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी को अक्टूबर से दिसंबर तक में नेट प्रॉफिट में गिरावट आई है। कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले साल की तुलना में 5त्न घटकर 59 करोड़ हो गया। यह एक साल पहले की अवधि में 138 करोड़ रुपये था। वहीं, दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 5,405 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्तीय साल की इसी तिमाही के 3,288 करोड़ रुपये से 64% अधिक है। इस बीच, कंपनी के शेयरों में भी 7% से अधिक की गिरावट आई और यह 230 रुपये पर आ गया।

क्या है डिटेल- क्रमिक आधार पर, Q2FY25 में रिपोर्ट किए गए 176 करोड़ रुपये से कर पश्चात लाभ 66% कम हो गया। फूड डिलिवरी कारोबार के लिए जोमैटो का सकल ऑर्डर वैल्यू पिछले साल से 17% बढ़ा, लेकिन तिमाही-दर-तिमाही आधार पर केवल 2% बढ़ा। मैनेजमेंट ने फूड डिस्ट्रिब्यूशन जीओवी में स्लो बढ़ोतरी के लिए व्यापक आधार वाली मांग में मंदी को जिम्मेदार ठहराया।

जोमैटो का क्विक कॉमर्स कारोबार ब्लिंकिट का रेवेन्यू पिछले साल से 117% बढ़ गया और सितंबर तिमाही की तुलना में 21% बढ़ गया। हालांकि, EBITDA के आधार पर, ब्लिंकिट लाल रंग में वापस आ गया था, पिछले साल इसी तिमाही के सकारात्मक EBITDA 48 करोड़ की तुलना में 30 करोड़ रह गया। ब्लिंकिट ने 103 करोड़ का नेट प्रॉफिट भी दर्ज किया। कंपनी के बयान के मुताबिक, ब्लिंकिट दिसंबर 2025 तक 2,000 स्टोर्स के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। इस तिमाही में कारोबार ने 1,000 स्टोर्स का आंकड़ा पार कर लिया है।

## 9 के शेयर को खरीदने की लूट, 15% तक चढ़ गया भाव, इस खबर का है असर!



नई दिल्ली (एजेंसी)। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के शेयर में आज सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर आज 15त्न तक चढ़कर 10.48 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पहले इसका पिछला बंद भाव 9.12 रुपये था। कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, खबर है कि केंद्र सरकार एजीआर बकाया की संभावित आंशिक छूट पर विचार कर रही है, जिससे भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया की देनदारियां क्रमशः 38,000 करोड़ और 52,000 करोड़ कम हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय बजट 2025 के दौरान 1 फरवरी की शुरुआत में राहत की घोषणा की जा सकती है।

क्या है डिटेल- सरकार एजीआर के जुर्माने, ब्याज वाले हिस्से को माफ करने पर विचार कर रही है। सितंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एजीआर मांग की पुनर्गणना के लिए थेराप्यूटिक याचिका खारिज करने के बाद टेल्को ने सरकार से संपर्क किया था और राहत मांगी थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# घर की छत पर पतंग उड़ा रहे दो बच्चों पर टूटकर गिरा 11केवी लाइन का तार, दोनों झुलसे

हरदा। शहर के छीपानेर रोड स्थित रामानंद नगर में सोमवार रात करीब साढ़े सात बजे घर की छत पर पतंग उड़ा रहे दो बालकों पर हाईटेंशन लाइन (33 केवी) का तार टूटकर गिर गया।

तेज करंट लगने से दोनों बालक गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों बालक घर की छत पर पतंग उड़ा रहे थे। करंट लगते ही बच्चे अचेत होकर घर की छत पर गिर गए। किसी तरह स्वजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। दिव्यांश पिता कमलेश राठौर (10 वर्ष) की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।



घटना का शिकार हुए दूसरे बालक केशव पिता मनोज चौरे (8 वर्ष) की स्थिति खतरे से बाहर है।पुलिस ने बताया कि बालक दिव्यांश और केशव रोजाना की तरह घर की छत पर पतंग उड़ाने के लिए गए।

कुछ देर पतंग उड़ाई। इसके बाद उनके ऊपर हाईटेंशन लाइन का तार गिर गया।इबच्चों को संभलने का भी मौका नहीं मिला और वह करंट की चपेट में आकर झुलस गए।घटना के बाद दोनों को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया।

चिकित्सकों ने उनका प्रारंभिक उपचार किया। इसके बाद दिव्यांश की हालत गंभीर होने के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया।पहले भी हो चुकी मौतें

स्थानीय निवासी सुष्मिता राजपूत सहित अन्य लोगों ने इसे बिजली कंपनी की गंभीर लापरवाही बताया है।लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में पहले भी तार टूटने की घटना हो चुकी है, जिसमें कुछ लोगों ने जान भी गंवा दी थी।बार बार शिकायत करने और मांग के बावजूद बिजली कंपनी ने घरों के ऊपर से गुजरी 11 और 33 केवी लाइन के तार नहीं हटाए। आज यह बड़ी घटना हो गई।

बोलने से बचते रहे कंपनी अधिकारी

घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने रात करीब 8 बजे बिजली कंपनी कार्यालय का घेराव कर दिया।

बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी हुई। सौ से अधिक लोग पहुंच गए।

प्रशासन ने सिविल लाइन थाना पुलिस तैनात कर दी।

इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली। मीडिया ने जब बिजली कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करनी चाही तो उन्होंने मना कर दिया।

# रिश्वत मांगने वाले बाबू को कलेक्टर ने बना दिया चपरासी



बुरहानपुर। आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में रिश्वत मांगने वाले बाबू का डिमोशन कर कलेक्टर चपरासी बना दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाबू सुभाष काकड़े ने आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती में रिश्वत की मांग की थी। जिस पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने कार्रवाई करते हुए डिमोशन कर चपरासी बना दिया। जुलाई 2024 में किया गया था निलंबित

इससे पहले शिकायत की गंभीर प्रकृति और विभागीय प्रतिवेदन के आधार पर जुलाई 2024 में सहायक ग्रेड-3 सुभाष काकड़े को निलंबित किया गया था। साथ ही अपर कलेक्टर और परियोजना अधिकारी को विभागीय जांच सौंपी गई थी।

जारी आदेशानुसार सुभाष काकड़े को परियोजना अधिकारी नेपानगर कार्यालय में चपरासी के पद पर पदस्थ किया गया है। निलंबन से बहाल कर निलंबन अवधि को अकार्य दिवस माना गया है।

नहीं दिया संतोष जनक स्पष्टीकरण

कलेक्टर ने बताया कि विभागीय जांच संस्थित करने के संबंध में आरोप पत्र, आधार पत्र जारी किए गए थे। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा निलंबित सुभाष काकड़े को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया गया। इस दौरान उसने संतोषप्रद स्पष्टीकरण नहीं दिया।

पद का दुरुपयोग कर मप्र सिविल सेवा आचरण का उल्लंघन है और वित्तीय लाभ लेने की श्रेणी में आता है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने सुभाष काकड़े का डिमोशन किया है।


राजस्व अधिकारियों पर जताई नाराजगी

सोमवार को कलेक्टर भव्या मित्तल ने राजस्व महा अभियान 3.0 की समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरे आरओआर लिंकिंग सहित अन्य कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में प्रगति नहीं मिलने पर राजस्व अधिकारियों पर नाराजगी जताया।कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी गंभीरता के साथ काम करें और प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जो पटवारी महा अभियान के तहत काम नहीं कर रहे हैं, वे कार्रवाई के दायरे में आएंगे। एसडीएम अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत कार्यों की लगातार मानिटरिंग करें। साथ ही सर्वेयर की बैठक ली जाए। जो सर्वेयर काम नहीं कर रहे हैं उन्हें बदला जाए। इसके अलावा विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने कहा। बैठक में आयुष्मान योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आधार अपडेशन, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

## अतिथि विद्वानों को हटाया जाएगा, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में शिक्षकों की अधिकता

भोपाल। प्रदेश भर के अधिकतर प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में प्राध्यापकों की अधिकता हो गई है। अब वहां पहले से काम कर रहे अतिथि विद्वानों को वहां से हटाने की तैयारी हो रही है। उन्हें हटाकर दूसरे महाविद्यालयों में भेजा जाना है। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रदेश भर में 52 महाविद्यालयों इस सत्र में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस घोषित कर दिया गया। इस योजना के तहत इन महाविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण माहौल देने के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इसी के तहत यहां रिक्त पदों पर दूसरे सामान्य महाविद्यालयों से प्राध्यापकों को लाकर भर्ती किया गया।इसके लिए विभागीय स्तर पर आवेदन और साक्षात्कार हुए थे। इस प्रक्रिया की वजह से उन महाविद्यालयों में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त हो गई।



ऐसे में उन 500 अतिथि विद्वानों के पास कोई काम नहीं बचा जो पिछले कई वर्षों से वहां पढा रहे थे।

इनमें से कई अतिथि विद्वान अपने गृह क्षेत्र से 200-300 किलोमीटर दूर के महाविद्यालयों में काम कर रहे हैं।उन्हें 20 से 25 जनवरी के बीच अपनी रुचि के महाविद्यालय का विकल्प चुनना होगा।28 जनवरी तक उन्हें नए महाविद्यालयों का आवंटन कर दिया जाएगा। ऐसा होने के बाद उन्हें 31 जनवरी तक कार्यभार ग्रहण कर पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

दूसरे अतिथि विद्वान भी मांग रहे मौका इस व्यवस्था के लागू होते ही विरोध भी होने लगा है। सामान्य और स्वशासी महाविद्यालयों के अतिथि विद्वान भी इस तरह का मौका मांगने लगे हैं। उनका कहना है कि सभी अतिथि विद्वानों की स्थिति एक जैसी है। ऐसे में सबको समान अवसर मिलना चाहिए। प्रदेश भर में 4500 अतिथि विद्वान हैं। साक्षात्कार में शामिल नहीं होने वाले शिक्षकों को हटाया जाएगा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस व स्वशासी कालेजों में प्राध्यापक, सह प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों को नए सिरे से आवेदन और साक्षात्कार के बाद पदस्थ किया था। उन महाविद्यालयों में पहले से पढ़ा रहे ऐसे नियमित प्राध्यापक जिन्होंने इस प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया वे भी अब हटाए जाएंगे।

# लाखों की चोरी करने के बाद खुद सोच में पड़ गए चोर, इतने रुपयों का क्या करें! पहली बार देखा इतना पैसा

रतलाम। दीनदयाल नगर निवासी पानी की केन की सप्लाई तथा फेंसी ड्रेस के व्यापारी सुनील मूणत के घर हुई लाखों रुपयों की चोरी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। चोरी करने के बाद साथी आरोपित बड़ोदरा (गुजरात) वहां से इंदौर भाग गए थे। इंदौर में उन्होंने दो आईफोन खरीदे थे। पुलिस ने नौकर व उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54.50 लाख के सोने चांदी के जेवर व 10.50 लाख के जेवर जब्त किए हैं।

यह है पूरा मामला



उल्लेखनीय है कि व्यापारी सुनील मूणत निवासी बी-18 दीनदयाल नगर के पुत्र अंशुल मूणत की शादी का कार्यक्रम 17 जनवरी से चल रहा था।

18 जनवरी को सागोद रोड स्थित चंपा विहार मैरिज गार्डन में महिला संगीत कार्यक्रम था। परिवार घर पर ताला लगाकर महिला संगीत कार्यक्रम में गया हुआ था।

तभी रात 11 से 12 बजे के बीच चोर पड़ोसी के घर के बाहर लगे पाइप के सहारे व्यापारी के घर के फर्स्ट फ्लोर पर चढ़कर गैलरी किचन की खिड़की का कांच तोड़कर घर में घुसे थे।

अलमारी से 12 लाख रुपये व करीब 53 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चुराकर ले गए थे।

रात करीब 12.30 बजे सुनील मूणत व उनके स्वजन घर पहुंचे तो सामान बिखरा था तथा अलमारी में जेवर व रुपये नहीं थे।सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। जांच में पाया गया कि चोरी व्यापारी के घर व दुकान पर काम करने वाले नौकर आरोपित 24 वर्षीय पवन डोडियार पुत्र गौतम डोडियार निवासी ग्राम मोखमपुरा थाना बजाना ने अपने दो साथियों 20 वर्षीय अनिल डामोर पुत्र रतन डामोर व 19 वर्षीय अमृतलाल देवड़ा पुत्र भूरलाल देवड़ा दोनों निवासी ग्राम तालाबबोड़ी थाना शिवगढ़ से कराई थी। इसके बाद सोमवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से सोने की चार डली, चांदी की छह सिली, सोने, चांदी के जेवर, दो आईफोन व 10.50 लाख रुपये जब्त किए गए हैं।चार माह से करा रहा था रैकी, खुद कार्यक्रम में था

नौकर पवन का पता था कि व्यापारी के घर सोना-चांदी व रुपये रहते हैं। उसके मन में लालच आ गया था। लालच के चलते उसने दोस्तों अनिल व अमृतलाल को चोरी करने के लिए उकसाया तथा कहा कि काफी माल मिलेगा। बार-बार उकसाने पर वे वारदात करने के लिए तैयार हो गए।




# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में प्रतिभागिता करेगी इंदौर जिले की ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह सदस्य




इंदौर। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम भांग्या की ग्रामीण आजीविका मिशन के रिद्धी-सिद्धि स्व सहायता समूह की श्रीमती डॉली दिनेश चौकसे विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला इन्दौर से प्रतिभागिता करेगी।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला इन्दौर के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2018 से सघन रूप से कार्य कर रहा है। वर्ष 2018 से ही ग्राम भांग्या की श्रीमती डॉली मिशन से जुड़कर स्व सहायता समूह की सदस्य है। श्रीमती डॉली चौकसे द्वारा समूह से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आजीविका में परिवर्तन लायी है, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं को भी स्व सहायता समूह से भी जोड़ा। समूह से जुड़ने के पश्चात श्रीमती डॉली द्वारा समूह से ऋण लेकर विभिन्न आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ की गई है। स्व सहायता समूह से प्राप्त राशि द्वारा श्रीमती डॉली ने साड़ी की दुकान शुरू की। साथ ही साथ समूह के अन्य सदस्यों द्वारा आचार, पापड़ आदि सामग्री का भी निर्माण कर उसका विपणन करते है।

श्रीमती डॉली ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से राज्य व जिला स्तर से विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर मास्टर ट्रेनर के रूप में भी कार्य कर रही हैं। वे अपने संकुल संगठन की लेखापाल के दायित्व के साथ-साथ समूह और ग्राम संगठन के दस्तावेजीकरण का भी प्रशिक्षण प्रदाय करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ भारत शासन की महत्वपूर्ण लखपति दीदी योजना अन्तर्गत श्रीमती डॉली खुद लखपति दीदी की श्रेणी में सम्मिलित होकर अपनी मासिक आमदनी 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह अर्जित कर समूह की अन्य सदस्यों को भी लखपति दीदी की श्रेणी में सम्मिलित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# सभी शासकीय सेवकों की प्रोफाइल समग्र आईडी एवं आधार से होगी लिंक


इंदौर। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी समग्र आईडी तथा आधार से लिंक होगी। वेतन का भुगतान, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। आग्रह किया गया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने प्रोफाइल का समग्र आईडी से अविलंब सत्यापन कराएं। सॉफ्टवेयर में उपलब्ध ईएसएस लिंक के माध्यम से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक कराना भी आवश्यक है।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री मोनिका कटारे ने बताया कि समस्त शासकीय सेवक का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा अपनी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिस बैंक खाते में वेतन प्राप्त हो रहा है, उस बैंक खाते को आधार से भी लिंक कराया जाये। समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का यह कार्य 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से हो जाये। प्रथम चरण में यह कार्य नियमित शासकीय सेवकों को करना होगा। समग्र आईडी बनवाने/अद्यतन करवाने/सुधार करवाने संबंधी जानकारी https://samagra.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

# यूका कचरे के निष्पादन के संबंध में विभिन्न औद्योगिक ईकाइयों में आयोजित किए जा रहे है जनसंवाद

इंदौर। कलेक्टर धार श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के लिए की जाने वाली कार्यवाहियों पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स की 10 टीमों द्वारा पीथमपुर की विभिन्न औद्योगिक ईकाइयों में पहुंचकर लोगों से जनसंवाद किया जा रहा है। टीमों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों में यूका कचरे के संबंध में उत्पन्न हो रही विभिन्न भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। प्रशिक्षित टीमों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों द्वारा पूछे जा रहे विभिन्न प्रश्नों का उत्तर सरलतापूर्वक देकर उन्हें समझाया भी जा रहा है। साथ ही ईकाइयों के एचआर, कर्मचारियों और मजदूरों से अपील भी की जा रही है कि वह भी अन्य लोगों को यूका कचरे के निष्पादन के बारे में सही जानकारियां उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के लिए गठित टीमों में कंपनियों के एचआर, जिला अधिकारी, प्रोफेसर और पटवारी शामिल है। गठित मास्टर ट्रेनर्स टीमों द्वारा मंगलवार को महिंद्रा मोर्टस, आयशर मोर्टस, प्रतिभा सिन्थेटिक्स, ईप्फका, एसआरएफ औद्योगिक इकाइयां तथा बुधवार को मोयरा स्टील, एंड्राफब, शक्ति पंप, मायॅलान और फ्लेक्सिटफ औद्योगिक ईकाइयों में जनसंवाद करने पहुंची थी।

# इंदौर में शराब के नशे में एक पुलिसकर्मी का हुआ वीडियो वायरल



इंदौर। शुक्रवार रात इंदौर के एक पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हुआ। शराब के नशे में धुत एसआई चौराहे पर कार की आड़ में लघुशंका कर रहा था। वीडियो पलासिया चौराहा है। रविवार को जोन-2 के डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने एसआई को निलंबित कर दिया। उसके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

कार रोक करने लगा लघुशंका- एसआइ प्रहलाद खंडाते एमआइजी थाना में पदस्थ है। ट्रैफिक होने के बावजूद एसआई ने अपनी कार रोकी और लघुशंका करने लगा। लोगों ने उसका वीडियो बनाया तो मुंह छुपाने लगा। उसकी कार की नंबर प्लेट भी टूटी हुई थी।

डीसीपी के मुताबिक एसआई के कारण विभाग की छवि धूमिल हुई है। तत्काल प्रभाव से निलंबित कर परदेशीपुरा एसीपी नरेंद्र रावत को जांच सौंपी है।

नशा कर वाहन चलाने पर सवा दो सौ वाहन कार-बाइक पकड़ी- नगरीय सीमा में शनिवार रात काम्बिंग गश्त की गई। रात तीन बजे तक चली कार्रवाई नें 1205 आपराधिक तत्वों की जांच की गई।

# उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं/संगठनों/व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कृत

इंदौर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य और संभाग स्तर पर आयोजित समारोह में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि यह पुरस्कार संभाग और राज्य स्तर पर अलग-अलग प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार के इच्छुक संगठन और व्यक्तियों से राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिए अलग-अलग आवेदन मंगाये गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था/व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र एक लाख 11 हजार रुपये, ?द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 25 हजार रुपये का दिया जायेगा।

इसी तरह संभाग स्तर पर भी उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन/व्यक्ति को पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 21 हजार रुपये, ?द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 11 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 5 हजार रुपये का दिया जायेगा।

राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिये ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन व्यक्ति का चयन किया जायेगा जो विशेष रूप से उपभोक्ता हित संरक्षण एवं संवर्धन में संलग्न हो। आवेदक संगठन व्यक्ति द्वारा एक प्रति में आवेदन के मुख्य पृष्ठ पर राज्य स्तरीय पुरस्कार संभाग स्तरीय वर्ष 2024-25 हेतु सुस्पष्ट रूप से लिखकर जिला कलेक्टर, जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को 23 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संगठन व्यक्ति द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कैलेण्डर वर्ष 2024 01 जनवरी 2024 से 31 दिसबर 2024 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों की सप्रमाण विस्तृत विवरण रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

# बंदर का आतंक, महिला पर हमला, छत से गिरकर दर्दनाक मौत, पूरा गांव सहमा



इंदौर के बड़वाह के पास उमरिया गांव में एक बंदर ने पूरे गांववालों को परेशान कर दिया है। उसके डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं। बीते दिन छत पर कपड़े सुखाने गई सजनबाई नामक महिला पर बंदर ने अचानक झपट्टा मारा, जिससे वह सीढ़ियों से सिर के बल गिर पड़ी। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उसकी मौत की पुष्टि हुई।

महिलाएं और बच्चे डरे हुए हैं- ग्रामीणों का कहना है कि बंदर ने पूरे गांव में उत्पात मचाया हुआ है और अब तक कई लोगों पर हमला कर चुका है। खासतौर पर महिलाएं और बच्चे उससे डरे हुए हैं और घरों से बाहर निकलने में हिचक रहे हैं। यह पूरा इलाका जंगल के करीब है, जिसके कारण जंगली जानवर अक्सर गांव में आ जाते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक उनकी कोई मदद नहीं की गई है।

तेंदुआ भी घूम रहा- दूसरी तरफ इंदौर के महू इलाके में तेंदुए के सीसीटीवी फुटेज भी लगातार सामने आ रहे हैं। महू के आर्मी जोन में भी तेंदुए के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। एक सप्ताह में तेंदुआ कई जगह दिखा है लेकिन वन विभाग की टीम उसे पकड़ नहीं पाई है। टीम का कहना है कि जगह जगह पिंजरे लगा दिए हैं। तेंदुए की ट्रेकिंग की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। कुछ समय पहले इंदौर के सुपर कारिडोर क्षेत्र में भी तेंदुआ नजर आया था। यहां पर वह लंबे समय तक रहा लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका था। दुनिया की नामी कंपनियों के क्षेत्र में तेंदुए के नजर आने से लंबे समय तक खौफ बना रहा था। महू और आसपास के क्षेत्रों में अक्सर ही तेंदुआ नजर आ जाता है। पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं।

# मध्य प्रदेश शासन लिखी गाड़ी में गौमांस की तस्करी, बजरंगियों ने गाड़ी फोड़ी, तीन गिरफ्तार



इंदौर। अन्नपूर्णा क्षेत्र में रविवार को एक गाड़ी से बजरंगियों ने गौमांस पकड़ा। गाड़ी पर मध्य प्रदेश शासन लिखा था। कार्यकर्ता गोमांस को देख नाराज हो गए और उन्होंने तस्करों की जमकर पिटाई कर दी। इसके अलावा गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए।

गौमांस महू से इंदौर लाया जा रहा था। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। बजरंग दल के पदाधिकारी तन्नू शर्मा के अनुसार हमारे कार्यकर्ता गौमांस के तस्करों पर नजर रखे हुए थे। उन्हें पता चला कि महू से दो गाड़ियों में चार क्विंटल गौमांस भरकर लाया जा रहा है।

एक गाड़ी को महू में पदाधिकारियों ने पकड़ा और उसमें सवार दो युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। इसके अलावा दूसरी गाड़ी को अन्नपूर्णा क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग के समीप से पकड़ा। पदाधिकारियों को देख ड्रायवर ने गाड़ी नहीं रोकी और वह भागने लगा।

इस बीच कार्यकर्ता भी पीछा करने लगे। गाड़ी पर पथराव हुआ तो ड्रायवर ने गाड़ी रोकी। काले रंग की गाड़ी पर मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ था, ताकि पुलिस जांच में वाहन न रोका जाए। पदाधिकारियों ने ड्रायवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# इंदौर में फिर लगी मेघदूत चौपाटी को हटाने पहुंचा निगम का अमला, दुकानदारों ने किया हंगामा



इंदौर। मेघदूत उपवन मार्ग पर लगने वाली चौपाटी के दुकानदारों के साथ रविवार को निगम अफसरों का विवाद हुआ। रविवार सुबह फिर से चौपाटी लगने लगी। जैसे ही नगर निगम को इसकी सूचना मिली तो रिमूवल गैंग जेसीबी और 20 से ज्यादा कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची। तब तक 20 से ज्यादा दुकानें लग चुकी थी। निगम के अफसरों को देख दुकानदार आक्रोशित हो गए और वे नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक हंगामा होता रहा। गैंग ने चौपाटी से दुकानें हटाना शुरू की तो दुकानदारों ने निगम की गाड़ियां रोक ली और उन्हें जाने नहीं दिया।

इस बीच मौके पर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी आ गए। उन्होंने कहा कि रिमूवल गैंग गुमटियों को जब्त नहीं कर सकती है। दुकानदारों ने कहा कि पूरी चौपाटी हटाई गई है, लेकिन भाजपा से जुड़े एक दुकानदार की गुमटी अभी भी लगी है। इसके बाद अफसरों ने उस गुमटी को भी जेसीबी से तुड़वा दिया। समझाए जाने के बाद दुकानदारों ने चौपाटी नहीं लगाई, लेकिन यह चेतावनी भी दी कि यदि उन्हें जगह नहीं दी गई तो वे आंदोलन करेंगे और फिर चौपाटी पर गुमटी लगाएंगे। आपको बता दे कि दो माह पहले नगर निगम ने चौपाटी हटा दी थी।

जय श्री महाकाल ...



मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# जनकल्याण शिविर समस्याओं के समाधान मूलक शिविर है इनका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेते हुए समस्याओं का समाधान करवाएं -निगम अध्यक्ष कलावती यादव

उज्जैन। मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर अभियान के तहत सोमवार को वार्ड क्रमांक 15 गीता कॉलोनी स्थित अटल उद्यान एवं वार्ड क्रमांक 37 विष्णुपुरा स्थित सामुदायिक भवन पर वार्ड वासियों एवं हितग्राहियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शिविर का आयोजन निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षदएवं जोन अध्यक्ष श्री सुरेंद्र मेहर, अपर आयुक्त श्री पवन कुमार की उपस्थिति किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा कहा गया कि मा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा अनुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है यह शिविर समस्याओं के समाधान मूलक शिविर हैं इसलिए शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए



अपनी समस्याएं बताएं, आवेदन के ऊपर मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर लिखें। आप सभी हितग्राहियों द्वारा शिविर में जो समस्याएं बताई जा रही है उन समस्याओं का भोपाल स्तर से अधिकारियों द्वारा मॉनिटर करते हुए समाधान किया जाएगा साथ ही इन शिविरों में जो भी अधिकारी कर्मचारी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से कार्य करेगा उन्हें पुरस्कृत किए जाने का कार्य भी किया जाएगा।


इस दौरान वार्ड क्रमांक 15 में पार्षद श्री हेमंत गहलोत, श्री गजेंद्र हिरवे, मंडल अध्यक्ष श्री रितेश जटिया, नगर उपाध्यक्ष श्री जगदीश पांचाल, श्री मुकेश यादव , महामंत्री श्री सत्यनारायण खोईवाल ,उपायुक्त श्री मनोज मौर्य, सर्वश्री ओम अग्रवाल ,श्री जितेंद्र कुमावत ,श्री घनश्याम अग्रवाल ,श्री सतीश राठौर ,डॉ घनश्याम शर्मा, श्री सतीश राठौर, श्री शानू मेहता, श्री अन्नु भैया,श्री जितेंद्र परमार ,श्री श्याम मेहता,वार्ड समस्त बूथ अध्यक्ष एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

इसी के साथ वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत एमआईसी सदस्य श्री कैलाश प्रजापत, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रभुलाल जाटवा, मंडल अध्यक्ष श्री गजेंद्र खत्री, श्री घनश्याम राठौर, श्री जितेंद्र कृपलानी ,श्री शैलेंद्र यादव ,श्री दीपक बेलानी ,श्री संजय ठाकुर ,श्री कमल बेरवा एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

मंगलवार दिनांक 21 जनवरी 2025 को जोन क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत भगत सिंह उद्यान सिंहपुरी,जोन क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 30 बेगमबाग संजीवनी क्लिनिक,जोन क्रमांक 05 वार्ड क्रमांक 40 सांवरिया मंदिर शंकरपुर, जोन क्रमांक 06 वर्तमांक 53 बच्चा जेल के पास मालनवासा पर शिविर आयोजित होंगे।

# भावुक पलों के बीच हुआ मन का मोती का लोकार्पण

## सीमा जी की कविताएँ अकादमिक स्तर की है जिनमें मानवीय दर्द है- डॉ. शिव चौरसिया



उज्जैन। भाषा है तो हम हैं, कपड़ों के बाद व्यक्ति का परिचय उसकी भाषा से ही होता है। यही आकर्षण देवेन्द्र जोशी में था और अब वैसी ही अभिव्यक्ति उनकी सहधर्मिणी सीमा में दिखाई देती है।

ये विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में प्रेस क्लब में सीमा देवेन्द्र की तीसरी बहुप्रतीक्षित पुस्तक ÷मन का मोती÷ के लोकार्पण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. मोहन गुप्त ने व्यक्त किये। आपने कहा कि जब कोई स्त्री संस्कारित होती है तो कई पीढ़ियाँ संस्कारित होती है। मालवी बोलते समय बोलने वाला हर वक्त मुस्कुराता नज़र आता है। निश्चित ही सीमा देवेन्द्र की यह कल्पना एक मालवी मन की ही हो सकती है।

लोकार्पण शहर के ख्यात प्रबुद्धजनों के बीच हुआ। डॉ. देवेन्द्र जोशी की कमी सभागार का हर व्यक्ति महसूस कर रहा था। सारस्वत अतिथि के रूप में अपने उद्‌बोधन में आचार्य डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा काव्य की सृष्टि या रचना में मन का होना बहुत जरूरी है। मन की व्यापकता और सूक्ष्मता पर ही सब कुछ निर्भर है। सीमा जी ने अपनी रचनाओं में मन को केंद्रित किया है। इसी बीच भोपाल से साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने अपनी आभासी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वोईस मेसेज से संबोधित किया। आपने कहा कि समान्यतः साहित्यकार और कलाकार ईश्वर प्रदत्त कष्टों को प्राप्त करते हैं तो वे और अधिक रचनात्मक हो उठते हैं। अपने मन के मनोभावों को उकेरती सीमा-देवेन्द्र की यह मालवी कृति ÷मन का मोती÷ आज हमारे हाथ में हैं और ऐसे ही उनके साहित्य के कई मोती हम सब के हाथ लगते रहे।विशेष अतिथि वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने कहा मालवी कविता की परंपरा बहुत पुरानी है। उसी परम्परा का निर्वहन सीमा जी कर रही हैं। अच्छी बात यह है कि आपकी कविता अकादमिक स्तर की कविताएं हैं। आपकी कविताओं में मनुष्य का दर्द है इंसानियत है।

# आँखों से संबंधित सभी समस्याओं का होगा समाधान



उज्जैन। शहर मे विजुअल हॉस्पिटल द्वारा तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज विजुअल हॉस्पिटल के नीचे वरुण बत्ता वी ऑप्टिशन का भव्य उद्घाटन हुआ। शहर के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अरविन्द भटनागर द्वारा 19 जनवरी को वी ऑप्टिशन का उदघाटन किया गया है। प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ अरविंद भटनागर द्वारा विगत 30 वर्षो से सेवा प्रदान की जा रही, जिनमे आँखों से संबंधित सभी समस्याओ का समाधान किया जाता उसी क्रम अब वरुण बत्ता वी ऑप्टिकल शॉप को लेकर आ रहे है जिसमें आधुनिक स्तर पर नम्बर के चश्मे और सनग्लासेस आई ट्रस्टिंग व कांटेक्ट लेंस, सभी वर्ल्ड क्लास ब्रांडेड कंपनी के आँखों से जुड़े उपकरण रहेंगे।

# उज्जैन में हुआ लघु वेतन कर्मचारी संघ का अधिवेशन



उज्जैन। लघु वेतन कर्मचारी संघ का अधिवेशन उज्जैन में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन मे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उनके हक अधिकार शासन से दिलाये जाने की चर्चा की गई।

मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में उज्जैन संभाग अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता के द्वारा अधिवेशन का आयोजन उज्जैन मे रखा गया। उज्जैन जिला प्रवक्ता गुलशन मंसुरी ने बताया कि इस अधिवेशन में निहाल सिंह जाट प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अजय कुमार दुबे प्रदेश महामंत्री जबलपुर से, प्रशांत सिंह श्रीवास्तव संभागीय सलाहकार, रामपाल बाथम प्रांतीय कार्यालय मंत्री, डी. डी. बैरागी प्रदेश संगठन मंत्री और उज्जैन संभाग के सातों जिलों के जिला अध्यक्ष और कर्मचारियों के साथ अन्य संगठन के पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या मे एकत्रित हुये। उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी,ने उज्जैन जिले के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओ को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष को अवगत कराते हुए कहा कि कलेक्टर से एक दो दिन मे चर्चा की जायेगी इसके बाद भी आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओ का निराकरण नहीं किया जाता है तो कर्मचारी संगठन के माध्यम से ताला बंद हड़ताल करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर कमल कुमार जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रेमचंद नहार प्रदेश संगठन सचिव, महेश सोनोने जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, सुरेश रायकवार कलेक्टर कार्यालय के विभागीय उपाध्यक्ष, कुन्दन गिरजे उज्जैन जिला उपाध्यक्ष, दिनेश लावरे उज्जैन जिला उपाध्यक्ष, मौना रायकवार उज्जैन जिला उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश मालवीय उज्जैन जिला सचिव, कैलाश मालवीय घटिया तहसील अध्यक्ष, धर्मेन्द्र परमार कलेक्टर कार्यालय विभागीय अध्यक्ष, मदनलाल चौहान विभागीय अध्यक्ष, रामचंद्र बाथम पी एच ई विभागीय अध्यक्ष आदि।

# सीमांत गांधी के योगदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा- डॉ. मालवीय

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान सीमांत गांधी की 37वीं पुण्यतिथि पर अपंग आश्रम में हुई विचार गोष्ठी

उज्जैन। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान सीमांत गांधी की 37वीं पुण्यतिथि पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अपंग आश्रम में विचार गोष्ठी एवं आश्रम वासीयो को दूध ब्रेड का वितरण किया गया।

सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. तेज कुमार मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीमांत गांधी बादशाह खान का पूरा जीवन देश के स्वतंत्रता आंदोलन में समर्पित रहा। आपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ सभी स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया। आप देश की आजादी के लिए अनेक बार जेल गए। विशेष अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के अध्यक्ष अधिवक्ता समीर खान ने अपने




उद्बोधन में कहा बादशाह खान ने देश की एकता और अखंडता के लिए अनेक प्रयास किए। आप देश के विभाजन के खिलाफ थे। समाजसेवी इरफान राइन ने बादशाह खान का स्मरण करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद के साथ देश के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों मे शामिल रहे। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आपके योगदान से प्रभावित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आपको सीमांत गांधी का खिताब दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल ने अपने उद्बोधन में कहा बादशाह खान जैसे नायक सदी में बिरले ही जन्म लेते है। आपका पूरा जीवन भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में समर्पित रहा। आपके इसी योगदान के लिए आपको 1987 मे देश का सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न प्रदान किया गया। आश्रम वासीयो को दूध, ब्रेड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिक बसंत राव काले, सामाजिक कार्यकर्ता रईस अहमद, विनीत सोल्पंखी, जाहिद नूर एडवोकेट नासिर मंसूरी, शाकिर शेख, शरीफ खान, आजम खान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इकबाल उस्मानी ने किया एवं आभार आश्रम के डायरेक्टर एडवोकेट रामचंद्र सौलपंखी ने माना। उपरोक्त जानकारी उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं प्रचार सचिव चेतन ठक्कर ने दी।

# चित्रों से समझाया संक्रांति का महत्व, तिल गुड़ वितरण कर महिलाओं को लगाया हल्दी कुमकुम

उज्जैन। महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल महानंदानगर एवं परिसर द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंडल के सचिव सदाशिव नायगांवकर ने बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तिल गुड़ वितरण एवं महिलाओं का हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम महानंदानगर स्थित भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकारिणी की महिला सदस्य राजश्री जोशी, अर्चना हरणे, ज्योति मेदालकर, माधवी चंपक द्वारा संक्रांति पर्व के महत्व को चित्रों द्वारा प्रदर्शन कर उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में मंडल



के संरक्षक राघवेंद्र व्यास द्वारा तिल गुड़ का वितरण करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। महिला कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं का हल्दी कुकु, तिल गुड़ व भेंट वस्तु से पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष अनुकुल उमरेकर, दीपक मेंदालकर, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी के सदस्य प्रकाश रांगणेकर आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com